# POLICE COMMISSIONERATE

# PRAYAGRAJ

## सराहनीय कार्य/ प्रेस विज्ञप्ति- दिनांक 30.04.2025

## थाना हण्डिया पुलिस टीम द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय व अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त गंगानगर व अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक्षण में व सहायक पुलिस आयुक्त हण्डिया के कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना हण्डिया पर पंजीकृत मु0अ0सं0-288/18 धारा-392 भा0द0सं0 से सम्बंधित वांछित अभियुक्त डमरु उर्फ इम्तियाज अहमद पुत्र मुख्तार अहमद निवासी ग्राम उतरांव थाना उतरांव कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना हण्डिया पुलिस टीम द्वारा दिनांक-29.04.2025 को थाना हण्डिया क्षेत्रान्तर्गत सैदाबाद स्थित रेलवे क्रासिंग के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

उल्लेखनीय है कि दिनांक-27.03.2018 को अभियुक्त डमरु उर्फ इम्तियाज अहमद उपरोक्त द्वारा अपने 02 साथियों 1. आकाश पुत्र अमीन निवासी महुआंकोठी थाना उतरांव कमिश्नरेट प्रयागराज व 2. अली निवासी उतरांव थाना उतरांव कमिश्नरेट प्रयागराज के साथ थाना हण्डिया क्षेत्रान्तर्गत ग्राम दुसैती निवासी मुहम्मद हलीम पुत्र समीउल्ला के घर से तमंचा के बल पर 12 बकरियां जबरदस्ती उठा लिया गया था, जिसके सम्बंध में थाना हण्डिया पर मु0अ0सं0-288/18 उपरोक्त पंजीकृत किया गया था। अभियुक्त आकाश उपरोक्त को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

डमरु उर्फ इम्तियाज अहमद पुत्र मुख्तार अहमद निवासी ग्राम उतरांव थाना उतरांव कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 34 वर्ष।

**सम्बंधित अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0-288/18 धारा-392 भा0द0सं0 थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-**

1. प्र0नि0 नितेन्द्र कुमार शुक्ला, थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. निरीक्षक पंकज सिंह, थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. उ0नि0 भूपेन्द्र कुमार, थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज।
4. उ0नि0 अजीत कुमार साहनी, थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज।
5. हे0का0 अजीत सिंह, थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज।

## थाना करैली पुलिस द्वारा वांछित 01अभियुक्त गिरफ्तार

थाना करैली पुलिस द्वारा थाना स्थानीय के पंजीकृत मु0अ0सं0- 64/2025 धारा 64/351(3) बी0एन0एस0 के वांछित अभियुक्त इस्माईल पुत्र अंसार अहमद निवासी गली नं0 15 असहाब नगर एनुद्दीनपुर थाना करैली प्रयागराज को आज दिनांक 30.04.2025 को पहलवान जूस तिराहे के पास थाना क्षेत्र करैली से गिरफ्तार किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

राज शेख उर्फ ढोलू पुत्र दुख्खू शेख नि- बर्फ फैक्ट्री के पीछे करैलाबाग नाले के किनारे थाना करैली प्रयागराज, उम्र 22 वर्ष।

**सम्बन्धित अभियोग का विवरण–**

मु0अ0सं0 64/2025 धारा 64/351(3) बी0एन0एस0 थाना करैली कमिश्नरेट प्रयागराज।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-**

1.नि0 इन्द्रजीत कुमार आर्या, थाना करैली कमिश्नरेट प्रयागराज।
2.का0 पंकज कुमार, थाना करैली कमिश्नरेट प्रयागराज।
3.का0 रवि कुमार, थाना करैली कमिश्नरेट प्रयागराज।